CAPF (AC) Exam, 2013

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : B–BZOE–M–FZH** **Test Booklet Series**

**A**

# TEST BOOKLET

## GENERAL ABILITY AND INTELLIGENCE


**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 250**

INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/ discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **125** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

1. 


A circle is drawn inside a square of length 4 units as shown in the figure given above. What is the area of the shaded portion?

*(a)* $16-4\pi$ *(b)* $16-\pi$

*(c)* $4-\pi$ *(d)* $4-2\pi$

2. If the ratio of $X$ to $Y$ is $\frac{3}{4}$ and the ratio of $Y$ to $Z$ is $\frac{12}{13}$, then the ratio of $X$ to $Z$ is

*(a)* $\frac{13}{3}$ *(b)* $\frac{1}{3}$

*(c)* $\frac{4}{13}$ *(d)* $\frac{9}{13}$

3. The sum of the base and altitude of a triangle is 30 cm. What is the maximum possible area of such a triangle?

*(a)* $100\ \text{cm}^2$

*(b)* $110\ \text{cm}^2$

*(c)* $112\cdot5\ \text{cm}^2$

*(d)* $120\ \text{cm}^2$


4. If 9 mangoes cost as much as 5 oranges, 5 oranges as much as 3 apples, 4 apples as much as 9 pineapples and if 3 pineapples cost ₹ 48, what will a mango cost?

*(a)* ₹ 9

*(b)* ₹ 12

*(c)* ₹ 18

*(d)* ₹ 27

5. 


In the diagram (not to scale) given above, the value of $x$ is


*(a)* 51

*(b)* $\frac{360}{7}$

*(c)* $62\frac{6}{7}$

*(d)* $49\frac{4}{7}$

6. A campus poll covering 300 under-graduate students was conducted in order to study the students' attitude towards a proposed change in the rules for hostel accommodation. The students were required to respond as 'support', 'neutral' or 'oppose' with regard to the issue. The poll outcome was presented as a pie chart as given below :





The numbers for 'support', 'neutral' and 'oppose' are respectively

*(a)* 150, 90, 60

*(b)* 120, 100, 80

*(c)* 80, 100, 120

*(d)* 60, 90, 150

1. 


4 इकाई लम्बाई वाले वर्ग के अन्दर एक वृत्त रेखांकित है जैसा कि ऊपर दिए गए चित्र में दर्शाया गया है। छायित भाग का क्षेत्रफल क्या है?

(a) $16-4\pi$ (b) $16-\pi$

(c) $4-\pi$ (d) $4-2\pi$

2. यदि $X$ का $Y$ से अनुपात $\frac{3}{4}$ है और $Y$ का $Z$ से अनुपात $\frac{12}{13}$ है, तो $X$ का $Z$ से अनुपात है

(a) $\frac{13}{3}$ (b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{4}{13}$ (d) $\frac{9}{13}$

3. किसी त्रिभुज के आधार और शीर्षलम्ब का योग 30 cm है। ऐसे त्रिभुज का अधिकतम सम्भव क्षेत्रफल क्या है?

(a) $100 \text{ cm}^2$

(b) $110 \text{ cm}^2$

(c) $112 \cdot 5 \text{ cm}^2$

(d) $120 \text{ cm}^2$


4. यदि 9 आमों की लागत उतनी है जितनी 5 सन्तरों की, 5 सन्तरों की लागत उतनी है जितनी 3 सेबों की, 4 सेबों की लागत उतनी है जितनी 9 अनन्नासों की और यदि 3 अनन्नासों की लागत ₹ 48 है, तो एक आम की लागत क्या होगी?

(a) ₹ 9

(b) ₹ 12

(c) ₹ 18

(d) ₹ 27

5. 


ऊपर दिए गए आरेख (पैमाने के अनुसार नहीं) में $x$ का मान है


(a) 51

(b) $\frac{360}{7}$

(c) $62\frac{6}{7}$

(d) $49\frac{4}{7}$

6. छात्रावास के आवासीय नियमों में प्रस्तावित बदलाव के प्रति छात्र अभिवृत्ति के अध्ययन हेतु 300 पूर्वस्नातक छात्रों पर एक परिसर मतदान कराया गया। छात्रों से अपेक्षा की गई कि इस विषय के सम्बन्ध में 'समर्थन', 'तटस्थ' या 'विरुद्ध' के रूप में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें। मतदान का परिणाम एक वृत्तारेख के रूप में नीचे दिया गया है :




'समर्थन', 'तटस्थ' और 'विरुद्ध' के लिए संख्याएँ हैं, क्रमशः


(a) 150, 90, 60

(b) 120, 100, 80

(c) 80, 100, 120

(d) 60, 90, 150

**7.** The following tables show the expenditure (in percentage) of two families $A$ and $B$ :




Which one among the following statements is true?


*(a)* Family $A$ spends as much on miscellaneous as family $B$ spends on entertainment

*(b)* The food expense of family $B$ is equal to the total expense of family $A$

*(c)* Families $A$ and $B$ spend equally on food

*(d)* Families $A$ and $B$ spend equally on entertainment

**8.** Which one among the following diagrams illustrates relationship among animals, cows and horses?

*(a)* 

*(b)* 

*(c)* 

*(d)* 

**9.** Through how many degrees does the hour hand in a clock move as the time changes from 3 hours and 12 minutes to 6 hours?


*(a)* 105

*(b)* 99

*(c)* 90

*(d)* 84

**10.**




As shown in the above diagram, a person starts from the centre $O$ of a circular path $AB$, walks along the line indicated by arrows and returns to the same point. If the radius $OA = OB = 100$ metres, what is the total distance walked to the nearest metres?

*(a)* 703

*(b)* 723

*(c)* 743

*(d)* 823

**11.** If 5 persons can weave 160 mats in 8 days, how many mats will 8 persons weave in 6 days?


*(a)* 200

*(b)* 192

*(c)* 190

*(d)* 180

**7.** निम्नलिखित सारणियाँ दो परिवारों $A$ और $B$ के खर्चे (प्रतिशत में) दर्शाती हैं :




निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सत्य है?


*(a)* परिवार $A$ प्रकीर्ण पर उतना खर्च करता है, जितना परिवार $B$ मनोरंजन पर खर्च करता है

*(b)* परिवार $B$ का खाद्य खर्च, परिवार $A$ के कुल खर्च के बराबर है

*(c)* परिवार $A$ और परिवार $B$ खाद्य पर बराबर खर्च करते हैं

*(d)* परिवार $A$ और परिवार $B$ मनोरंजन पर बराबर खर्च करते हैं

**8.** निम्नांकित आरेखों में से कौन-सा एक जानवरों, गायों और घोड़ों के बीच सम्बन्ध को चित्रित करता है?

*(a)* 

*(b)* 

*(c)* 

*(d)* 

**9.** किसी घड़ी में 3 बजकर 12 मिनट से 6 बजे तक समय बदलने में घण्टे की सुई कितने अंश घूमती है?


*(a)* 105

*(b)* 99

*(c)* 90

*(d)* 84

**10.**




एक व्यक्ति एक वृत्ताकार पथ $AB$ के केन्द्र $O$ से चलना आरम्भ करता है, तीरों द्वारा निदर्शित रेखा पर चलते हुए उसी बिन्दु पर वापिस आ जाता है जैसा कि ऊपर दिए गए आरेख में दर्शाया गया है। यदि त्रिज्या $OA = OB = 100$ मीटर है, तो चली गई कुल दूरी निकटतम मीटर में कितनी है?

*(a)* 703

*(b)* 723

*(c)* 743

*(d)* 823

**11.** यदि 5 व्यक्ति 160 चटाइयों को 8 दिनों में बुन सकते हैं, तो 8 व्यक्ति 6 दिनों में कितनी चटाइयाँ बुनेंगे?

*(a)* 200

*(b)* 192

*(c)* 190

*(d)* 180

**12.** Two cars are moving in the same direction with a speed of 45 km/hr and a distance of 10 km separates them. If a car coming from the opposite direction meets these two cars at an interval of 6 minutes, its speed would be


*(a)* 45 km/hr


*(b)* 55 km/hr


*(c)* 65 km/hr


*(d)* 75 km/hr


**13.** Which one among the following figures will come next in the series given below?




*(a)* 

*(b)* 

*(c)* 

*(d)* 

**14.**





(*X*)

Which one among the following boxes is similar to the box formed from the given sheet of paper (*X*)?

*(a)* 


*(b)* 


*(c)* 


*(d)* 


**15.** In a class, 40 students passed in Mathematics, 50% of the students passed in English, 5% of the students failed in Mathematics and English, and 25% of the students passed in both the subjects. What is the ratio of the number of students who passed in English to that in Mathematics?

*(a)* 1 : 1

*(b)* 2 : 3

*(c)* 5 : 7

*(d)* 10 : 9

**16.** The least integer whose multiplication with 588 leads to a perfect square is

*(a)* 2

*(b)* 3

*(c)* 4

*(d)* 7

**17.** The fifth term of the alphabet series

BCYX, EFVU, HISR, KLPO, ?

is

*(a)* NOML

*(b)* NOLM

*(c)* ONML

*(d)* ONLM

**18.** By selling an article at ₹ 270, a man loses 10%. If he would sell it at ₹ 360, his gain percent is

*(a)* 10

*(b)* 15

*(c)* 20

*(d)* 25

12. दो कारें एक ही दिशा में 45 km/hr की चाल से जा रही हैं और 10 km की दूरी उन्हें एक-दूसरे से पृथक् करती है। यदि एक कार विपरीत दिशा से आते हुए इन दो कारों से 6 मिनट के अन्तराल पर मिलती है, तो इसकी चाल होगी


(a) 45 km/hr


(b) 55 km/hr

(c) 65 km/hr


(d) 75 km/hr

13. निम्नांकित चित्रों में से कौन-सा एक नीचे दिए गए श्रेणी में अगला होगा?




(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

14.





(X)

निम्नांकित डिब्बों में से कौन-सा एक दिए हुए कागज के पन्ने (X) द्वारा बने डिब्बे के समान होगा?

(a) 


(b) 


(c) 


(d) 


15. किसी कक्षा में 40 छात्र गणित में उत्तीर्ण हुए, 50% छात्र अंग्रेजी में उत्तीर्ण हुए, 5% छात्र गणित और अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हुए और 25% छात्र दोनों विषयों में उत्तीर्ण हुए। अंग्रेजी में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या का गणित में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या से क्या अनुपात है?

(a) 1 : 1

(b) 2 : 3

(c) 5 : 7

(d) 10 : 9

16. वह लघुतम पूर्णांक, जो 588 से गुणन करने पर पूर्ण वर्ग बनाता है, है

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 7

17. निम्नलिखित वर्णमाला श्रेणी का पाँचवाँ पद क्या है?

BCYX, EFVU, HISR, KLPO, ?

(a) NOML

(b) NOLM

(c) ONML

(d) ONLM

18. एक व्यक्ति कोई वस्तु ₹ 270 में बेचता है, तो उसे 10% की हानि होती है। यदि वह इसे ₹ 360 में बेचे, तो उसके लाभ का प्रतिशत क्या होगा?

(a) 10

(b) 15

(c) 20

(d) 25

**19.** In a certain code, 'PLANT' is written as '$@2*©' and 'YIELD' is written as 'β64@%'. How is 'DELAY' written in that code?

(a) β4*2%  (b) β4@2%

(c) %42@β  (d) %4@2β

**20.** If A is coded as 1, B as 3, C as 5 and so on, which of the following is the numerical value of the word 'FAZED' if the numerical value of 'CABLE' is 41?

(a) 81  (b) 80

(c) 79  (d) 77

**21.** Natural gas is a mixture of gases and contains mainly

(a) methane and higher hydrocarbons

(b) butane and isobutene

(c) methane only

(d) methane, hydrogen and carbon monoxide

**22.** Diamond is a polymorph of graphite. Both contain carbon atoms, but they have extremely different properties because of the condition in which they are formed. Diamond is obtained after applying

(a) very high pressure and low temperature

(b) very low pressure and high temperature

(c) very low pressure and low temperature

(d) very high pressure and high temperature

**23.** The three primary soil micronutrients are

(a) carbon, oxygen and water

(b) copper, cadmium and carbon

(c) nitrogen, phosphorus and potassium

(d) boron, zinc and magnesium

**24.** Diamond Ring, God's Eye and Baily's Beads are the parts of which one among the following natural phenomena?

(a) Solar eclipse

(b) Aurora

(c) Lightning

(d) Solar storm

**25.** 'Turing machine' serves as

(a) a machine to identify explosives

(b) an indicator to inform about forest fire

(c) an instrument for finding out gravitational constant

(d) a theoretical computing machine to act as an ideal model for mathematical calculation

**19.** एक विशिष्ट कूट में 'PLANT' को '$@2*©' के रूप में लिखा गया है और 'YIELD' को β64@%' के रूप में लिखा गया है। 'DELAY' को उस कूट में किस रूप में लिखा जाएगा?

(a) β4*2%   (b) β4@2%

(c) %42@β   (d) %4@2β

**20.** यदि A कूटबद्ध है 1 के रूप में, B कूटबद्ध है 3 के रूप में, C कूटबद्ध है 5 के रूप में और इसी प्रकार से, तो 'FAZED' शब्द का संख्यात्मक मान निम्नलिखित में से क्या होगा, यदि 'CABLE' का संख्यात्मक मान 41 है?

(a) 81   (b) 80

(c) 79   (d) 77

**21.** प्राकृतिक गैस, गैसों का मिश्रण होता है, जिसमें मुख्यतः होता/होते है/हैं

(a) मीथेन और उच्चतर हाइड्रोकार्बन

(b) ब्यूटेन और आइसोब्यूटीन

(c) केवल मीथेन

(d) मीथेन, हाइड्रोजन और कार्बन मोनो-ऑक्साइड

**22.** हीरा, ग्रेफाइट का एक बहुरूपक है। यद्यपि दोनों में ही कार्बन परमाणु हैं, परन्तु उनके निर्माण की दशाओं के कारण, उनके गुणों में अत्यन्त भिन्नताएँ हैं। हीरे की प्राप्ति

(a) अति उच्च दाब और निम्न ताप लगने के बाद होती है

(b) अति निम्न दाब और उच्च ताप लगने के बाद होती है

(c) अति निम्न दाब और निम्न ताप लगने के बाद होती है

(d) अति उच्च दाब और उच्च ताप लगने के बाद होती है

**23.** मृदा के तीन प्रमुख सूक्ष्म पोषक हैं

(a) कार्बन, ऑक्सीजन और जल

(b) ताम्र, कैड्मियम और कार्बन

(c) नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटैशियम

(d) बोरॉन, ज़िंक और मैग्नीशियम

**24.** हीरक वलय, ईश्वर की आँख और बेली के मनके, निम्नलिखित प्राकृतिक घटनाओं में से किस एक के हिस्से हैं?

(a) सूर्यग्रहण

(b) ध्रुवीय ज्योति

(c) तड़ित्

(d) सौर आँधी

**25.** 'ट्यूरिंग मशीन' किस रूप में काम करती है?

(a) विस्फोटकों की पहचान करने वाला एक यंत्र

(b) दावानल के विषय में जानकारी देने वाला एक सूचक

(c) गुरुत्वीय नियतांक ज्ञात करने का एक यंत्र

(d) एक सैद्धान्तिक परिकलन यंत्र, जो गणितीय परिकलन के लिए एक आदर्श नमूने के रूप में कार्य करे

26. Leaves of lotus and water lily are not easily wet because the leaves

(a) have surface uneven in micro-scale and water cannot come into contact with the depressed areas due to high surface tension

(b) contain an oily substance

(c) contain a greasy substance

(d) have surface too smooth to attract water

27. Arsenic present in groundwater can be partially removed

(a) along with removal of iron by precipitation/coagulation method if iron is also present in the water

(b) on boiling even if iron is absent in the water

(c) on UV-treatment

(d) on filtration even if iron is absent in the water

28. Transformer is used to

1. convert low a.c. voltage to high voltage
2. convert high a.c. voltage to low voltage
3. convert direct current to alternating current
4. regulate the fluctuation of voltage

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 3 only

(b) 3 and 4

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

29. The filament of electric bulb is generally made of tungsten because

(a) tungsten is cheap

(b) durability of tungsten is high

(c) light-emitting power of tungsten is high

(d) melting point of tungsten is high

30. Electricity meter may be a/an

(a) mainframe computer

(b) microcomputer

(c) hybrid computer

(d) analog computer

**26.** कमल और जल-कुमुदिनी की पत्तियाँ आसानी से नम नहीं होती हैं, क्योंकि

*(a)* पत्तियों की सतह सूक्ष्म पैमाने पर असम होती हैं और उच्च पृष्ठ तनाव के कारण जल अवनत क्षेत्रों के सम्पर्क में नहीं आ सकता है

*(b)* पत्तियों में एक तैलीय पदार्थ होता है

*(c)* पत्तियों में एक चिकनाई-युक्त पदार्थ होता है

*(d)* पत्तियों की सतह इतनी चिकनी होती है कि जल को आकर्षित नहीं कर सकती

**27.** भौम जल में विद्यमान आर्सेनिक को आंशिक रूप से निष्कासित किया जा सकता है

*(a)* अवक्षेपण/स्कन्दन विधि से लोह के निष्कासन के साथ-साथ, यदि लोह भी जल में विद्यमान है

*(b)* उबालकर, भले ही लोह जल में अविद्यमान हो

*(c)* UV-उपचार द्वारा

*(d)* निस्यन्दन द्वारा, भले ही लोह जल में अविद्यमान हो

**28.** परिणामित्र का उपयोग होता है

1. निम्न a.c. वोल्टता को उच्च वोल्टता में परिवर्तित करने के लिए
2. उच्च a.c. वोल्टता को निम्न वोल्टता में परिवर्तित करने के लिए
3. दिष्ट धारा को प्रत्यावर्ती धारा में परिवर्तित करने के लिए
4. वोल्टता के उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* 3 और 4

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

**29.** वैद्युत बल्ब का तन्तु सामान्यतया टंग्स्टन का बना होता है, क्योंकि

*(a)* टंग्स्टन सस्ता है

*(b)* टंग्स्टन का चिरस्थायित्व उच्च है

*(c)* टंग्स्टन की प्रकाश उत्सर्जक क्षमता उच्च है

*(d)* टंग्स्टन का गलनांक उच्च है

**30.** विद्युत्-मापी हो सकता है

*(a)* एक मेनफ्रेम कम्प्यूटर

*(b)* एक सूक्ष्म कम्प्यूटर

*(c)* एक संकर कम्प्यूटर

*(d)* एक अनुरूप कम्प्यूटर

31. Advanced sunrise and delayed sunset found in the sky are due to the phenomenon of

(a) diffraction of sunlight

(b) refraction of sunlight

(c) scattering of sunlight

(d) total internal reflection of sunlight

32. The formation of colours in soap bubbles is due to the phenomenon of

(a) dispersion of light

(b) interference of light

(c) diffraction of light

(d) polarization of light

33. Geostationary satellite completes its one revolution around the earth in

(a) 90 minutes

(b) 24 hours

(c) 30 days

(d) 365 days

34. What is the correct sequence of conductivity when arranged in ascending order?

(a) Metals, semiconductors, insulators

(b) Insulators, metals, semiconductors

(c) Semiconductors, metals, insulators

(d) Insulators, semiconductors, metals

35. Which one among the following statements about 'modem' is correct?

(a) Modem is a software

(b) Modem helps in stabilizing the voltage

(c) Modem is an operating system

(d) Modem converts the analog signal into digital signal and vice versa

36. Which one among the following is ***not*** a form of carbon?

(a) Graphene

(b) Graphite

(c) Fullerene

(d) Quartz

**31.** आकाश में होने वाले अग्रिम सूर्योदय एवं विलम्बित सूर्यास्त निम्नलिखित में से किस घटना के कारण होते हैं?

*(a)* सूर्य-प्रकाश का विवर्तन

*(b)* सूर्य-प्रकाश का अपवर्तन

*(c)* सूर्य-प्रकाश का प्रकीर्णन

*(d)* सूर्य-प्रकाश का पूर्ण आन्तरिक परावर्तन

**32.** साबुन के बुलबुलों में रंगों का बनना निम्नलिखित में से किस घटना के कारण होता है?

*(a)* प्रकाश का परिक्षेपण

*(b)* प्रकाश का व्यतिकरण

*(c)* प्रकाश का विवर्तन

*(d)* प्रकाश का ध्रुवण

**33.** तुल्यकाली उपग्रह पृथ्वी के चारों ओर कितने समय में अपना एक परिक्रमण पूरा करता है?

*(a)* 90 मिनट

*(b)* 24 घण्टे

*(c)* 30 दिन

*(d)* 365 दिन

**34.** आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर चालकता का सही अनुक्रम क्या है?

*(a)* धातु, अर्धचालक, विद्युत्-रोधी

*(b)* विद्युत्-रोधी, धातु, अर्धचालक

*(c)* अर्धचालक, धातु, विद्युत्-रोधी

*(d)* विद्युत्-रोधी, अर्धचालक, धातु

**35.** 'मॉडेम' के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सत्य है?

*(a)* मॉडेम एक सॉफ्टवेयर है

*(b)* मॉडेम वोल्टता को स्थायी करने में सहायता करता है

*(c)* मॉडेम एक प्रचालन प्रणाली है

*(d)* मॉडेम अनुरूप संकेत को अंकीय संकेत में और अंकीय संकेत को अनुरूप संकेत में बदलता है

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सा कार्बन का एक रूप **नहीं** है?

*(a)* ग्रैफीन

*(b)* ग्रैफाइट

*(c)* फुलरीन

*(d)* कार्ट्ज़

**37.** Plants capable of performing photosynthesis belong to which one among the following types of organisms?

*(a)* Heterotrophs

*(b)* Saprotrophs

*(c)* Autotrophs

*(d)* Chemoheterotrophs

**38.** With reference to India, which of the following statements relating to urbanization is/are correct?

1. It is a manifestation of economic, social and political progress.
2. Rapid growth of urban population puts pressure on public utilities.
3. Urban sprout is encroaching the precious agricultural land.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**39.** Which of the following statements regarding landslides is/are correct?

1. They are sudden and sporadic.
2. They result when the slope is gentle.
3. Mining activity is also responsible for landslides.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**40.** Which of the following statements related to globalization is/are correct?

1. It has resulted in the change of scale in economic activities.
2. End of Cold War facilitated globalization.
3. Flow of money in transnational corporations is discouraged.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**37.** प्रकाश-संश्लेषण निष्पादित करने की क्षमता वाले पादप निम्नलिखित में से किस एक जीव-प्रकार के अन्तर्गत आते हैं?

*(a)* परपोषित (हेटरोट्रॉफ)

*(b)* सैप्रोट्रॉफ

*(c)* स्वपोषित (ऑटोट्रॉफ)

*(d)* केमोहेटरोट्रॉफ

**38.** भारत के सन्दर्भ में, नगरीकरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रगति का प्रकटीकरण है।
2. नगरीय जनसंख्या की तीव्र वृद्धि जनोपयोगी सेवाओं पर दबाव डालती है।
3. नगरीय अंकुरण मूल्यवान कृषि भूमि अतिक्रमण कर रहा है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**39.** भू-स्खलन के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. ये आकस्मिक एवं कदाचनिक होते हैं।
2. ये होते हैं जब ढाल मंद होता है।
3. खनन क्रिया भी भू-स्खलन के लिए उत्तरदायी है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**40.** भूमण्डलीकरण से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसके परिणामस्वरूप आर्थिक क्रियाकलापों के पैमाने बदल गए हैं।
2. शीत युद्ध के समापन ने भूमण्डलीकरण को सुकर बनाया है।
3. राष्ट्रपारीय निगमों में मुद्रा-प्रवाह हतोत्साहित हुआ है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

41. The continent having the largest area in the equatorial belt is

*(a)* Asia

*(b)* South America

*(c)* Africa

*(d)* North America

42. Which of the following statements are correct?

1. Sediments of Gondwana System were deposited under marine condition.
2. Rocks of Gondwana System are fossiliferous.
3. Rocks of Gondwana System contain metallic mineral deposits.
4. Gondwana deposition took place in downfaulted trough.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1, 2 and 4

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1 and 3 only

43. Which one among the following statements is ***not*** correct?

*(a)* Shillong Plateau is an outlier of Peninsular Plateau of India

*(b)* Aravalli Mountain is the oldest mountain chain of India

*(c)* Vindhyans are examples of fold mountain

*(d)* Rajmahal Highlands are composed of lava deposits

44. Which one among the following systems contains the oldest rock formation of India?

*(a)* Aravalli System

*(b)* Archean System

*(c)* Cuddapah System

*(d)* Vindhyan System

45. Which one among the following is ***not*** correct regarding the black soils of Peninsular India?

*(a)* Rich in iron, lime and potash

*(b)* Retentive in moisture

*(c)* Fertile and well-suited for growing sugarcane

*(d)* Rich in phosphorus and organic matter

**41.** विषुवतीय कटिबन्ध में बृहत्तम क्षेत्रफल वाला महाद्वीप है

*(a)* एशिया

*(b)* दक्षिणी अमेरिका

*(c)* अफ्रीका

*(d)* उत्तरी अमेरिका

**42.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. गोंडवाना तंत्र के अवसाद समुद्री दशा में निक्षेपित हुए थे।
2. गोंडवाना तंत्र के शैल जीवाश्ममय हैं।
3. गोंडवाना तंत्र के शैलों में धात्विक खनिज निक्षेप होते हैं।
4. गोंडवाना निक्षेप अवभ्रंशी द्रोणिका में हुए हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 1, 2 और 4

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* केवल 1 और 3

**43.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* शिलांग पठार भारत के प्रायद्वीपीय पठार का पुरान्तःशायी है

*(b)* अरावली पर्वत भारत की प्राचीनतम पर्वत शृंखला है

*(c)* विन्ध्यन वलन पर्वत के उदाहरण हैं

*(d)* राजमहल उच्चभूमि लावा निक्षेपों से संघटित हैं

**44.** निम्नलिखित तंत्रों में से किस एक में भारत का प्राचीनतम शैलसमूह है?

*(a)* अरावली तंत्र

*(b)* आर्कियन तंत्र

*(c)* कडप्पा तंत्र

*(d)* विन्ध्यन तंत्र

**45.** प्रायद्वीपीय भारत की काली मृदाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* लोह, चूना एवं पोटाश से समृद्ध

*(b)* नमी के प्रति धारणशील

*(c)* उर्वरक और गन्ना उत्पादन के उपयुक्त

*(d)* फॉस्फोरस और जैविक तत्त्व से समृद्ध

**46.** Which one among the following places in India is nearest to the Tropic of Cancer?

*(a)* Aizawl

*(b)* Rajkot

*(c)* Kolkata

*(d)* Imphal

**47.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List–I (River) | | List–II (City) |
|---|---|---|
| A. Spree | 1. | Bonn |
| B. Rhine | 2. | Hamburg |
| C. Seine | 3. | Paris |
| D. Elbe | 4. | Berlin |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 3 | 1 | 2 |
| *(b)* | 4 | 1 | 3 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 3 | 4 |
| *(d)* | 2 | 3 | 1 | 4 |

**48.** Which of the following pairs are correctly matched?

1. Idukki : Thermal Power Station
2. Sabarigiri : Hydroelectric Project
3. Ghatprabha : Irrigation Project
4. Ramganga : Multipurpose Project

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 2, 3 and 4

*(b)* 1, 2 and 4

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 2 and 3 only

**49.** Which one among the following States shares common boundaries with maximum number of other States?

*(a)* Madhya Pradesh

*(b)* West Bengal

*(c)* Chhattisgarh

*(d)* Andhra Pradesh

**50.** The State of Sikkim is surrounded by

*(a)* China, Nepal, Bhutan and West Bengal

*(b)* Bhutan, Nepal, West Bengal and Assam

*(c)* China, Nepal, West Bengal and Assam

*(d)* China, Bhutan, West Bengal and Assam

**46.** भारत में निम्नलिखित स्थानों में से कौन-सा एक कर्करेखा से निकटतम है?

*(a)* आइज़ॉल

*(b)* राजकोट

*(c)* कोलकाता

*(d)* इम्फाल

**47.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (नदी)** | **सूची–II (नगर)** |
|---|---|
| A. स्प्री | 1. बॉन |
| B. राइन | 2. हैम्बर्ग |
| C. साइन | 3. पेरिस |
| D. एल्ब | 4. बर्लिन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 3 | 1 | 2 |
| *(b)* | 4 | 1 | 3 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 3 | 4 |
| *(d)* | 2 | 3 | 1 | 4 |

**48.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

1. इडुक्की : ऊष्मीय शक्ति संयंत्र
2. साबरीगिरि : जलविद्युत् परियोजना
3. घाटप्रभा : सिंचाई परियोजना
4. रामगंगा : बहु-उद्देशीय परियोजना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 2, 3 और 4

*(b)* 1, 2 और 4

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* केवल 2 और 3

**49.** निम्नलिखित राज्यों में से किस एक की सीमाएँ अन्य राज्यों की अधिकतम संख्या के साथ साझी हैं?

*(a)* मध्य प्रदेश

*(b)* पश्चिम बंगाल

*(c)* छत्तीसगढ़

*(d)* आन्ध्र प्रदेश

**50.** सिक्किम राज्य निम्नलिखित में से किनसे घिरा हुआ है?

*(a)* चीन, नेपाल, भूटान और पश्चिम बंगाल

*(b)* भूटान, नेपाल, पश्चिम बंगाल और असम

*(c)* चीन, नेपाल, पश्चिम बंगाल और असम

*(d)* चीन, भूटान, पश्चिम बंगाल और असम

**51.** *Khumbum* monastery is situated in

(a) India

(b) Thailand

(c) China

(d) Japan

**52.** The place located at the confluence of Alakananda and Pindar rivers is

(a) Rudraprayag

(b) Karnaprayag

(c) Devaprayag

(d) Vishnuprayag

**53.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List–I (Continent) | List–II (Desert) |
|---|---|
| A. Asia | 1. Atacama |
| B. Africa | 2. Mojave |
| C. North America | 3. Kalahari |
| D. South America | 4. Gobi |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**54.** Which one among the following ocean currents mixes with Labrador current?

(a) Canaries current

(b) Benguela current

(c) Florida current

(d) California current

**55.** The Wallace's Line distinguishes or separates the flora and fauna between

(a) Canada and USA

(b) Taiga region and Tundra region

(c) Mexico and Central America

(d) South-East Asia and Australasia

**56.** Which one among the following is the major occupation in equatorial region?

(a) Growing of tropical crops

(b) Growing of cereals

(c) Growing of citrus fruits

(d) Animal rearing

**51.** 'खुम्बुम' मठ निम्नलिखित में से कहाँ अवस्थित है?

(a) भारत

(b) थाईलैण्ड

(c) चीन

(d) जापान

**52.** अलकनन्दा और पिण्डार नदियों के संगम पर निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान अवस्थित है?

(a) रुद्रप्रयाग

(b) कर्णप्रयाग

(c) देवप्रयाग

(d) विष्णुप्रयाग

**53.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (महाद्वीप)** | **सूची-II (मरुस्थल)** |
|---|---|
| A. एशिया | 1. अटाकामा |
| B. अफ्रीका | 2. मोजावे |
| C. उत्तरी अमेरिका | 3. कालाहारी |
| D. दक्षिणी अमेरिका | 4. गोबी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**54.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक महासागर धारा लेब्राडोर धारा से मिलती है?

(a) कनारी धारा

(b) बेंगुएला धारा

(c) फ्लोरिडा धारा

(d) कैलिफोर्निया धारा

**55.** वालेस-रेखा निम्नलिखित में से किनके बीच वनस्पतिजात और प्राणिजात को सुस्पष्ट या पृथक् करती है?

(a) कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका

(b) टैगा प्रदेश और टुण्ड्रा प्रदेश

(c) मेक्सिको और मध्य अमेरिका

(d) दक्षिण-पूर्व एशिया और ऑस्ट्रेलेशिया

**56.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक विषुवतीय प्रदेश का प्रमुख व्यवसाय है?

(a) उष्णकटिबंधीय फसलों को उगाना

(b) धान्य उगाना

(c) सिट्रस फलों को उगाना

(d) पशुपालन

**57.** Mahatma Gandhi's opposition to separate electorates for untouchables was because

(a) separate electorates would ensure them bondage in perpetuity

(b) of the apprehension of offending the conservative high caste Hindus

(c) it would weaken Mahatma Gandhi's position as a leader

(d) None of the above

**58.** Various causes have been suggested for the decline of Harappan culture. Consider the causes mentioned below and identify the ***weakest*** of them.

(a) Due to constant incidents of naturally occurring floods

(b) Due to increase in the salinity of the soil, fertility decreased there

(c) Earthquakes caused changes in the course of the Indus, which led to inundation

(d) The Aryans invaded and destroyed the Harappan culture

**59.** Who among the following is the author of 'Ashtadhyayi', the Sanskrit grammar?

(a) Patanjali

(b) Panini

(c) Kalidasa

(d) Banabhatta

**60.** Which one among the following inscriptions was installed in the easternmost part of Ashoka's territory?

(a) Barabar hill cave inscription

(b) Dhauli major rock edicts

(c) Sahasram minor rock edicts

(d) Lauriya Araraj pillar edicts

**61.** The prevalence of grain in Harappan sites indicated that

(a) Harappans ploughed their fields

(b) Harappans broadcast seed on their fields

(c) agriculture was prevalent in Harappan sites

(d) trade in bulk items like food grains was well-established in Harappan times

**57.** अछूतों के लिए पृथक् निर्वाचक-मण्डल से महात्मा गाँधी का विरोध किस हेतु था?

(a) पृथक् निर्वाचक-मण्डल उनके लिए शाश्वत काल के लिए बन्धन सुनिश्चित कर देता

(b) उन्हें आशंका थी कि इससे रूढ़िवादी उच्च वर्ण हिन्दुओं को ठेस पहुँचता

(c) यह महात्मा गाँधी की नेता की स्थिति को कमजोर कर देता

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** हड़प्पा संस्कृति के ह्रास के लिए विभिन्न कारण सुझाए गए हैं। नीचे दिए गए कारणों पर विचार कीजिए और उनमें से **क्षीणतम** कारण को इंगित कीजिए।

(a) लगातार प्राकृतिक रूप से बाढ़ आने की घटनाएँ होती रहीं

(b) मृदा में लवणता की वृद्धि से उर्वरता घटती गई

(c) भूकम्प के कारण सिन्धु के मार्ग में परिवर्तन हुआ जिससे आप्लावन हुआ

(d) आर्यों ने आक्रमण कर हड़प्पा संस्कृति को नष्ट कर दिया

**59.** संस्कृत व्याकरण 'अष्टाध्यायी' का रचयिता निम्नलिखित में से कौन है?

(a) पतंजलि

(b) पाणिनि

(c) कालिदास

(d) बाणभट्ट

**60.** निम्नलिखित शिलालेखों में से कौन-सा एक अशोक के राज्यक्षेत्र के पूर्वतम भाग में स्थापित किया गया?

(a) बराबर पहाड़ी गुफा शिलालेख

(b) धौली मुख्य शिला राजादेश

(c) सहस्रम गौण शिला राजादेश

(d) लॉवरिया अराराज स्तम्भ राजादेश

**61.** हड़प्पा स्थलों में व्यापक रूप से अनाज का पाया जाना यह इंगित करता है कि

(a) हड़प्पावासी अपने खेतों में हल चलाते थे

(b) हड़प्पावासी अपने खेतों में बीजों की छिटका बुआई करते थे

(c) हड़प्पा स्थलों में कृषि का व्यापक प्रचलन था

(d) हड़प्पा काल में खाद्यान्न जैसी थोक मदों में व्यापार सुस्थापित था

62. Which one among the following statements about industries in colonial India is ***not*** correct?

*(a)* The jute industry was almost entirely owned by Europeans

*(b)* The cotton textile industry was almost wholly owned by Indians

*(c)* The cotton textile industry was small in size

*(d)* The growth of cotton industry was the result of government support

63. The establishment of Mughal rule in India

1. strengthened urbanization
2. strengthened inter-urban contact in riparian North India
3. increased India's sea trade
4. decreased the risk of carrying long-distance trade

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 3 and 4

*(d)* 1 only

64. The first major boost to modern industry in India happened in the 1860s. It was a direct result of

*(a)* the demand created in America because of the Civil War

*(b)* the demand created in Europe because of the Civil War in America

*(c)* the decline in competition from the cotton mills of Lancashire and Manchester

*(d)* the support of government to industries in India

65. The significant difference between Mahayana and Hinayana forms of Buddhism lay in that

*(a)* Mahayana allowed for the transference of merit while in Hinayana, a person would only help another by example and advice

*(b)* Mahayana believed in the Bodhisattvas while Hinayana did not

*(c)* Hinayana promoted the ideas of a suffering saviour

*(d)* Mahayana propounded the idea of the 'Arhant', the 'worthy'

**62.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक औपनिवेशिक भारत के उद्योगों के बारे में सही **नहीं** है?

*(a)* जूट उद्योग लगभग सम्पूर्णतः यूरोपीयों के स्वामित्व में था

*(b)* सूती-वस्त्र उद्योग लगभग सम्पूर्णतः भारतीयों के स्वामित्व में था

*(c)* सूती-वस्त्र उद्योग आमाप में छोटा था

*(d)* सूती उद्योग की वृद्धि सरकारी सहयोग का परिणाम था

**63.** भारत में मुगल शासन की स्थापना ने

1. नगरीकरण को मजबूत किया
2. तटवर्ती उत्तर भारत में अन्तर-नगरीय सम्पर्क को मजबूत किया
3. भारत के समुद्री व्यापार को बढ़ाया
4. लम्बी दूरी के व्यापार के जोखिम को कम किया

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 3 और 4

*(d)* केवल 1

**64.** भारत में आधुनिक उद्योग में पहली बार भारी बढ़ोतरी 1860 के दशक में हुई। यह किसका प्रत्यक्ष परिणाम था?

*(a)* गृह युद्ध के कारण अमरीका में माँग उत्पन्न हुई

*(b)* अमरीका के गृह युद्ध के कारण यूरोप में माँग उत्पन्न हुई

*(c)* लंकाशायर और मैन्चेस्टर की कपास मिलों की स्पर्धा में ह्रास हुआ

*(d)* भारत में उद्योगों को सरकारी सहयोग मिला

**65.** बौद्धमत के महायान और हीनयान प्रकारों के बीच महत्त्वपूर्ण अन्तर निम्नलिखित में से किसमें स्थित है?

*(a)* महायान में पुण्य का अन्यारोपण हो सकता था जबकि हीनयान में कोई व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को मात्र उदाहरण और सलाह से ही मदद करता

*(b)* महायान बोधिसत्त्वों में विश्वास करता था जबकि हीनयान नहीं करता था

*(c)* हीनयान ने वेदना परित्राता के प्रत्यय को संवर्द्धित किया

*(d)* महायान ने 'अर्हंत', 'पूज्य', के प्रत्यय को प्रतिपादित किया

**66.** The ancient trade route, popularly called the Dakshinapatha, connected

(a) Ajanta with Golconda

(b) Ellora with Muziris

(c) Ajanta with Arikamedu

(d) Ajanta with Pataliputra

**67.** The Salt Satyagraha

(a) encouraged Indians to manufacture salt

(b) showed to the government that Indians would break unfair laws

(c) proved that Mahatma Gandhi was a mass leader

(d) was designed to destroy the finances of the colonial government

**68.** The Khilafat Movement was built around

(a) opposing British rule in India

(b) protecting the sovereignty of the Khalifa

(c) opposing the national movement

(d) protesting against lack of educational opportunities in India

**69.** Mahatma Gandhi's severe criticism of the Congress leadership at the opening of the Benaras Hindu University was focused on

(a) the Congress strategy for opposing the government

(b) the Congress accepting offices under the government

(c) condemnation of Indian nationalism for being an elite phenomenon

(d) All of the above

**70.** Akbar's *Ibadat Khana* was the place where

(a) military strategy was decided

(b) inter-faith debates and discussions were held

(c) Akbar preached his principles of *Sulh-i-kul*

(d) fine arts were practised

**71.** The Buddhist Sangha was an organization of monks

(a) who became teachers of Dhamma

(b) that helped the spread of education

(c) to help the integration of the State

(d) to provide relief to the poor in times of distress

66. 'दक्षिणापथ' के रूप में सुख्यात प्राचीन व्यापार मार्ग जोड़ता था

(a) अजन्ता को गोलकुण्डा से

(b) एलोरा को मुजिरिस से

(c) अजन्ता को अरिकमेडु से

(d) अजन्ता को पाटलिपुत्र से

67. नमक सत्याग्रह

(a) ने भारतीयों को नमक बनाने के लिए प्रोत्साहित किया

(b) ने सरकार को दिखा दिया कि भारतीय अनुचित कानूनों को तोड़ देंगे

(c) ने साबित कर दिया कि महात्मा गाँधी एक जन-नेता थे

(d) औपनिवेशिक सरकार की वित्त व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने के लिए अभिकल्पित था

68. खिलाफत आन्दोलन किसके आस-पास हुआ?

(a) भारत में ब्रिटिश शासन का विरोध करना

(b) खलीफा की प्रभुता को संरक्षित करना

(c) राष्ट्रीय आन्दोलन का विरोध करना

(d) भारत में शैक्षणिक अवसरों की कमी के प्रति विरोध प्रकट करना

69. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के शुभारम्भ के अवसर पर महात्मा गाँधी द्वारा काँग्रेस नेतृत्व की तीव्र आलोचना निम्नलिखित में से किस पर केन्द्रित थी?

(a) काँग्रेस की, सरकार के विरोध की रणनीति

(b) काँग्रेस का सरकार के अधीन पद स्वीकार करना

(c) अभिजात वर्ग का प्रतिभास होने के लिए भारतीय राष्ट्रवाद की निन्दा

(d) उपर्युक्त सभी

70. अकबर का इबादतख़ाना वह स्थान था, जहाँ

(a) सैन्य रणनीति निश्चित की जाती थी

(b) विभिन्न धर्मों के मध्य वाद-विवाद एवं चर्चाएँ होती थीं

(c) अकबर सुलह-ए-कुल के सिद्धान्तों का प्रवचन देता था

(d) ललित कलाओं का अभ्यास किया जाता था

71. बौद्ध संघ मठवासियों का एक संगठन था

(a) जो धम्म के शिक्षक बने

(b) जिसने शिक्षा के प्रसार में मदद की

(c) राज्य की एकात्मता में मदद करने हेतु

(d) विपत्ति के समय गरीबों को राहत प्रदान करने हेतु

**72.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I* *(Festival)* | | *List–II* *(Occasion)* |
|---|---|---|---|
| A. | Vallamkali | 1. | Temple festival |
| B. | Pooram festival | 2. | Boat race |
| C. | Chapchar Kut | 3. | The marriage of Lord Krishna and Rukmini |
| D. | Madhavrai fair | 4. | Spring festival |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(c)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**73.** The direct correlation among caste, poverty and social status implied that

1. with improvement in economic status, one could claim higher social status
2. caste hierarchy was immutable
3. lower castes were the only ones to be pushed into menial labour
4. with improvement in social status, one could claim higher caste status

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 4

*(b)* 1, 3 and 4

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1 and 3 only

**74.** Ritual kinship was the hallmark of Vijayanagar rule. Vijayanagar rulers claimed to have ruled on behalf of which one among the following shrines?

*(a)* Vithala

*(b)* Tirupati

*(c)* Virupaksha

*(d)* Mallikarjuna

**75.** Separate electorates for representation of Indian Christians and Anglo-Indians were created under the

*(a)* Indian Councils Act, 1861

*(b)* Government of India Act, 1909

*(c)* Government of India Act, 1919

*(d)* Government of India Act, 1935

**72.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (त्यौहार) | सूची–II (अवसर) |
|---|---|
| A. वल्लमकली | 1. मंदिर का त्यौहार |
| B. पूरम त्यौहार | 2. नौका दौड़ |
| C. चपचार कुट | 3. भगवान कृष्ण और रुक्मिणी का विवाह |
| D. माधवराय मेला | 4. वसन्तोत्सव |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(c)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**73.** जाति, निर्धनता और सामाजिक स्थिति के मध्य प्रत्यक्ष सहसम्बन्ध में यह अन्तर्निहित है कि

1. आर्थिक स्थिति में उन्नत होने के साथ कोई व्यक्ति उच्च सामाजिक स्थिति का दावा कर सकता था
2. जाति सोपान अपरिवर्त्य था
3. केवल निम्नतर जातियाँ ही शारीरिक श्रम कार्यों में लगाई जाती थीं
4. सामाजिक स्थिति में वृद्धि होने के साथ कोई व्यक्ति उच्चतर जाति की स्थिति का दावा कर सकता था

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 4

*(b)* 1, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* केवल 1 और 3

**74.** आनुष्ठानिक नातेदारी विजयनगर शासन का प्रमाण-चिह्न था। विजयनगर शासकों ने निम्नलिखित में से किस एक देवस्थल की ओर से शासन करने का दावा किया था?

*(a)* विठ्ठल

*(b)* तिरुपति

*(c)* विरूपाक्ष

*(d)* मल्लिकार्जुन

**75.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अधीन भारतीय ईसाइयों तथा आंग्ल-भारतीयों के प्रतिनिधित्व के लिए पृथक् निर्वाचक-मण्डल बनाए गए?

*(a)* इण्डियन काउन्सिल्स ऐक्ट, 1861

*(b)* भारत सरकार अधिनियम, 1909

*(c)* भारत सरकार अधिनियम, 1919

*(d)* भारत सरकार अधिनियम, 1935

**76.** The Chipko Movement

1. was an environmental movement to prevent cutting down of trees
2. raised the question of ecological and economic exploitation
3. is a movement against alcoholism as its broadened agenda
4. demanded that local communities should have control over their natural resources

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**77.** The Parliament of India may form a new State by separation of territory from any State or by unifying any territory to a part of any State. Which of the following procedures is/are true in this regard?

1. By a simple majority and by the ordinary legislative process
2. On the recommendation of the President, who usually has to refer the bill to the legislature of the State(s) which is/are going to be affected by the changes proposed in the bill
3. On the advice of the Prime Minister to the President

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 2 only

*(d)* 1 and 3 only

**78.** A bill introduced in the Parliament, in order to become an Act, has to have which of the following procedures to be followed?

1. It is to be passed by both the Houses of the Parliament.
2. The President has to give his/her assent.
3. The Prime Minister has to sign it after the ratification by the Parliament.
4. The Supreme Court has to approve and declare it to be within the jurisdiction of the Parliament.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3 only

*(c)* 1, 2, 3 and 4

*(d)* 3 and 4 only

**76.** चिपको आन्दोलन

1. वृक्षों की कटाई रोकने हेतु एक पर्यावरणीय आन्दोलन था
2. ने पारिस्थितिक और आर्थिक शोषण का प्रश्न उठाया
3. अपनी विस्तृत कार्यसूची के रूप में मद्यव्यसनता के विरुद्ध आन्दोलन है
4. ने यह माँग रखी कि स्थानीय समुदायों का उनके प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण होना चाहिए

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**77.** भारत की संसद किसी राज्य में से उसका राज्यक्षेत्र अलग करके अथवा किसी राज्यक्षेत्र को किसी राज्य के भाग के साथ मिलाकर नए राज्य का निर्माण कर सकेगी। इसके बारे में निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति/पद्धतियाँ सही है/हैं?

1. साधारण बहुमत द्वारा तथा सामान्य विधायी प्रक्रिया द्वारा
2. राष्ट्रपति की अनुशंसा से, जो आमतौर पर विधेयक को उस/उन राज्य/राज्यों के विधानमण्डल को भेजते हैं, जो विधेयक में प्रस्तावित परिवर्तनों से प्रभावित होने वाला/वाले है/हैं
3. राष्ट्रपति को दी गई प्रधानमंत्री की सलाह से

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 2

*(d)* केवल 1 और 3

**78.** संसद में पुरःस्थापित किसी विधेयक के अधिनियम बनने के लिए निम्नलिखित में से किन प्रक्रियाओं का अपनाया जाना आवश्यक है?

1. इसे संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया जाएगा।
2. राष्ट्रपति अपनी अनुमति प्रदान करेगा।
3. संसद द्वारा अनुसमर्थन हो जाने पर प्रधानमंत्री इस पर हस्ताक्षर करेगा।
4. उच्चतम न्यायालय अनुमोदन प्रदान कर घोषित करेगा कि यह संसद की अधिकारिता के अन्तर्गत है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1, 2 और 3

*(c)* 1, 2, 3 और 4

*(d)* केवल 3 और 4

**79.** Which of the following statements is/are correct?

1. Offices connected with a religious or denominated institution may be reserved for members professing the particular religion to which the institution relates.
2. The State may reserve any post or appointment in favour of any backward class of citizens who, in the opinion of the State, are not adequately represented in the services under that State.
3. No citizen shall, on grounds of religion, race, caste, sex, descent, place of birth or any of them, be ineligible for any office under the State.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 3 only

**80.** Consider the following statements :

1. While the Fundamental Rights constitute limitations on State action, the Directive Principles are in the nature of instruments of instruction to the government of the day to do certain things and to achieve certain goals by their actions.
2. The Directive Principles, however, require to be implemented by legislations and so long as there is no law carrying out the policy laid down in a Directive Principle, neither the State nor an individual can violate any existing law or legal rights under the colour of getting a Directive.
3. The Directive Principles are enforceable in the courts and create justiciable rights in favour of the individual.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 2 only

**81.** Consider the following statements :

1. It shall be the endeavour of every State and every local authority within the State to provide adequate facilities for instruction in mother tongue at the primary state of education to children belonging to linguistic minority groups.
2. The Constitution enjoins the Union of India to provide and promote the spread of Hindi language and to develop it so that it may serve as a medium of expression of all the elements of the composite culture of India.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**79.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. किसी धार्मिक या साम्प्रदायिक संस्थान से जुड़े पद उस विशिष्ट धर्म को, जिससे वह संस्थान जुड़ा है, मानने वाले सदस्यों के लिए आरक्षित हो सकते हैं।
2. राज्य किसी पद या नियुक्ति को नागरिकों के किसी पिछड़े वर्ग के पक्ष में, जिनका उस राज्य की राय में, उस राज्य के अधीन सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है, आरक्षित कर सकेगा।
3. कोई नागरिक धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, उद्भव, जन्मस्थान या इनमें से किसी के आधार पर राज्य के अधीन किसी पद के लिए अपात्र नहीं होगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 3

**80.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जबकि मूल अधिकार राज्य के अभिकार्य पर निर्बन्धनों के रूप में होते हैं, नीति के निदेशक तत्त्व तत्समय प्रभावी सरकार को कतिपय कार्य करने और अपने कार्यों से कतिपय लक्ष्य प्राप्त करने के अनुदेशों के उपकरण के स्वरूप में होते हैं।
2. तथापि, नीति के निदेशक तत्त्वों को विधानों द्वारा कार्यान्वित किए जाने की आवश्यकता होती है, और जब तक कि निदेशक तत्त्व में अधिकथित नीति को कार्यान्वित करने वाली कोई विधि उपलब्ध नहीं है, न तो राज्य, न ही कोई व्यक्ति किसी विद्यमान विधि अथवा विधिक अधिकारों का, कोई निदेश ग्रहण करने के नाम पर, अतिक्रमण कर सकता है।
3. नीति के निदेशक तत्त्व न्यायालयों में प्रवर्तनीय हैं और व्यक्ति के पक्ष में न्याय्य अधिकारों का सर्जन करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* केवल 2

**81.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रत्येक राज्य और राज्य के भीतर प्रत्येक स्थानीय प्राधिकारी भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों के बालकों को शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की पर्याप्त सुविधाओं की व्यवस्था करने का प्रयास करेगा।
2. संविधान भारत संघ को यह आदेश देता है कि वह हिन्दी भाषा के प्रसार की व्यवस्था करे और उसे बढ़ाए तथा उसका विकास करे ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्त्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**82.** Which of the following expenditures is/are charged on the Consolidated Fund of India?

1. The emoluments and allowances of the President and the expenditure relating to his/her office
2. The salaries and allowances of the Chairman and Deputy Chairman of the Council of States and the Speaker and Deputy Speaker of the House of the People
3. Debt charges for which the Government of India is liable

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 3 only

**83.** Which of the following are the privileges of the House of the People collectively?

1. The right to publish debates and proceedings, and the right to restrain publication by others
2. The right to exclude others—to exclude strangers from the galleries anytime
3. The right to punish members and outsiders for breach of its privileges
4. What is said or done within the walls of the Parliament, however, can be inquired into in a court of law

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 1, 2, 3 and 4

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 3 and 4 only

**84.** A bill is deemed to be a 'Money Bill' if it contains only provisions dealing with

1. the imposition, alteration or regulation of any tax
2. the regulation of the borrowing of money by the government
3. the custody of the Consolidated Fund of India or the Contingency Fund of India
4. the provision for imposition of fines or other penalties, or for the demand or payment of fees for licenses or fees for services rendered

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

82. निम्नलिखित में से कौन-सा/से व्यय भारत की संचित निधि से प्रभारित होता/होते है/हैं?

1. राष्ट्रपति की उपलब्धियाँ और भत्ते तथा उसके पद से सम्बन्धित व्यय
2. राज्य सभा के सभापति और उपसभापति तथा लोक सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के वेतन और भत्ते
3. ऋण प्रभार जिनके लिए भारत सरकार दायी है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3

83. निम्नलिखित में से कौन-से लोक सभा के सामूहिक विशेषाधिकार हैं?

1. विचार-विमर्शों और कार्यवाहियों को प्रकाशित करने का अधिकार तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा प्रकाशन को अवरुद्ध करने का अधिकार
2. अन्य व्यक्तियों को अपवर्जित करने—अपरिचितों को दीर्घाओं से कभी भी अपवर्जित करने का अधिकार
3. अपने विशेषाधिकारों के हनन के लिए सदस्यों और बाहरी व्यक्तियों को दण्डित करने का अधिकार
4. तथापि, जो भी संसद की दीवारों के भीतर कहा अथवा किया गया, उसकी न्यायालय में जाँच की जा सकेगी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) 1, 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 3 और 4

84. कोई विधेयक 'धन विधेयक' समझा जाएगा, यदि उसमें केवल निम्नलिखित विषयों से सम्बन्धित उपबन्ध हैं :

1. किसी कर का अधिरोपण, परिवर्तन या विनियमन
2. सरकार द्वारा धन उधार लेने का विनियमन
3. भारत की संचित निधि या आकस्मिकता निधि की अभिरक्षा
4. जुर्मानों या अन्य शास्तियों के अधिरोपण का अथवा अनुज्ञप्तियों के लिए फीसों की या की गई सेवाओं के लिए फीसों की माँग का या उनके संदाय का उपबन्ध

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**85.** Which of the following statements regarding the powers of the Speaker of the House of the People is/are correct?

1. The Speaker's conduct in regulating the procedure of maintaining order in the House will not be subject to the jurisdiction of any court.
2. Besides presiding over his/her own House, the Speaker possesses certain powers like presiding over a joint sitting of the two Houses of the Parliament.
3. While a resolution for his/her removal is under consideration, the Speaker shall preside but shall have no right to speak, and shall have no right of vote.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 only

**86.** A person shall be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of the Parliament if she/he

1. holds any office of profit under the Government of India or the Government of any State, other than an office exempted by the Parliament by law
2. is of unsound mind and stands so declared by a competent court
3. remains absent from all meetings of the House for a period of 60 days without the permission of the House

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 1 and 3 only

**87.** Consider the following statements regarding termination of sitting of a House :

1. Only the House of the People is subject to dissolution.
2. The powers of dissolution and prorogation are exercised by the President on the advice of the Council of Ministers.
3. The power to adjourn the daily sittings of the House of the People and the Council of States belongs to the Speaker and the Chairman respectively.
4. The Parliament cannot be dissolved as it is a permanent chamber.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 4

**85.** लोक सभा के अध्यक्ष की शक्तियों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. सदन में व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया को विनियमित करने में अध्यक्ष का आचरण किसी न्यायालय की अधिकारिता के अधीन नहीं होगा।
2. अपने सदन की अध्यक्षता करने के अलावा भी, अध्यक्ष के पास कतिपय शक्तियाँ होती हैं जैसे कि संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करना।
3. जिस दौरान उसके पद से हटाने हेतु संकल्प विचाराधीन है, अध्यक्ष अध्यक्षता करेगा किन्तु उसे बोलने का अधिकार नहीं होगा और कोई मतदान का अधिकार नहीं होगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1

**86.** कोई व्यक्ति संसद के किसी सदन का सदस्य चुने जाने के लिए और सदस्य होने के लिए निरर्हित होगा, यदि वह

1. भारत सरकार के या किसी राज्य की सरकार के अधीन, ऐसे पद को छोड़कर जिसे संसद ने विधि द्वारा छूट प्रदान की है, कोई लाभ का पद धारण करता है
2. विकृत चित्त है और सक्षम न्यायालय की ऐसी घोषणा विद्यमान है
3. सदन की अनुज्ञा के बगैर, सदन की सभी बैठकों से 60 दिनों की अवधि के लिए अनुपस्थित रहता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 1 और 3

**87.** सदन की बैठक के पर्यवसान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केवल लोक सभा का विघटन होगा।
2. विघटन और सत्रावसान की शक्तियों का प्रयोग राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद् की सलाह पर करता है।
3. लोक सभा और राज्य सभा की रोज की बैठकों को स्थगित करने की शक्ति क्रमशः अध्यक्ष और सभापति के पास है।
4. संसद का विघटन नहीं हो सकता, क्योंकि यह एक स्थायी सदन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 4

**88.** Consider the following statements :

1. A person who is not a member of either House of the Parliament can be appointed a member of the Council of Ministers.
2. Anyone can be appointed as a member of the Council of Ministers for a maximum period of three years.
3. A person shall not be less than 25 years of age in order to become a minister.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 2 and 3 only

**89.** The Central Administrative Tribunal adjudicates disputes with respect to the recruitment and conditions of service of persons appointed

1. to public services and posts in connection with the affairs of the Union
2. members of the defence forces
3. officers and servants of the Supreme Court or of any High Court in India

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1 only

*(c)* 2 only

*(d)* 2 and 3

**90.** The following are some of the items of expenditure of the Central Government in India :

1. Interest payments
2. Major subsidies
3. Pensions
4. Loans and advances

Which of the above is/are included in non-plan revenue expenditure?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2, 3 and 4

**91.** If we deduct grants for creation of capital assets from revenue deficit, we arrive at the concept of

*(a)* primary deficit

*(b)* net fiscal deficit

*(c)* budgetary deficit

*(d)* effective revenue deficit

**92.** Which one among the following items has maximum weight in wholesale price index in India?

*(a)* Primary article

*(b)* Fuel and power

*(c)* Manufactured product

*(d)* Food item

**93.** Which among the following agencies disbursed maximum credit to the agricultural sector in India between 2006–07 and 2011–12?

*(a)* Cooperative banks

*(b)* Regional rural banks

*(c)* Commercial banks

*(d)* Moneylenders

**88.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई व्यक्ति, जो संसद के किसी सदन का सदस्य नहीं है, मंत्रिपरिषद् का सदस्य नियुक्त किया जा सकता है।
2. किसी भी व्यक्ति को अधिकतम तीन वर्षों की अवधि के लिए मंत्रिपरिषद् का सदस्य नियुक्त किया जा सकता है।
3. मंत्री होने के लिए किसी व्यक्ति का 25 वर्षों से कम आयु का नहीं होना आवश्यक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 2 और 3

**89.** केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण उन व्यक्तियों की नियुक्ति और सेवा शर्त सम्बन्धी विवाद का न्यायनिर्णयन करती है, जो

1. संघ के कार्यकलापों से जुड़ी लोक सेवाओं और पदों पर नियुक्त हैं
2. रक्षा बलों के सदस्य नियुक्त हैं
3. उच्चतम न्यायालय के या भारत में किसी उच्च न्यायालय के अधिकारी या कर्मचारी नियुक्त हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 1

*(c)* केवल 2

*(d)* 2 और 3

**90.** भारत में केन्द्रीय सरकार के व्यय की कुछ मदें निम्नलिखित हैं :

1. ब्याज अदायगी
2. मुख्य सहायिकियाँ
3. पेंशन
4. ऋण एवं अग्रिम

उपर्युक्त में से कौन-सी, गैर-योजना राजस्व व्यय में शामिल है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* 2, 3 और 4

**91.** राजस्व घाटे से पूँजीगत आस्तियों के सृजन के लिए अनुदानों को घटाने पर क्या प्राप्त होगी?

*(a)* प्राथमिक घाटा

*(b)* निवल राजकोषीय घाटा

*(c)* बजटीय घाटा

*(d)* प्रभावी राजस्व घाटा

**92.** भारत में थोक कीमत सूचकांक में निम्नलिखित मदों में से किसका अधिकतम भार है?

*(a)* प्राथमिक वस्तु

*(b)* ईंधन और शक्ति

*(c)* विनिर्मित उत्पाद

*(d)* खाद्य मद

**93.** निम्नलिखित अभिकरणों में से किस एक ने 2006–07 और 2011–12 के बीच भारत में कृषि क्षेत्रक को अधिकतम ऋण संवितरित किए?

*(a)* सहकारी बैंक

*(b)* क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

*(c)* वाणिज्यिक बैंक

*(d)* साहूकार

**94.** Consider the following statements :

1. Repo rate is the interest rate at which RBI lends to commercial banks for short period.
2. Reverse repo rate is the interest rate which RBI pays to commercial banks on short-term deposits.
3. Gap between repo rate and reverse repo rate has been declining in India in the recent past.

Which of the statements given above is/are ***not*** correct?

*(a)* 1

*(b)* 2 only

*(c)* 3 only

*(d)* 2 and 3

**95.** The rate of inflation in India is measured generally in respect of movement of

*(a)* consumer price index

*(b)* wholesale price index

*(c)* cost of living index for agricultural labour

*(d)* money supply

**96.** Privatization includes

*(a)* sale of public enterprises to private sector

*(b)* disinvestment of public enterprise equity

*(c)* participation of private sector in management in public sector enterprises

*(d)* All of the above

**97.** Which of the following statements is correct with respect to the convertibility of Indian rupee?

*(a)* It is convertible on capital account

*(b)* It is convertible on current account

*(c)* It is convertible both on current and capital account

*(d)* None of the above

**98.** The Government of India refers to the absolute poverty line in terms of

*(a)* household savings

*(b)* household consumption

*(c)* household investment

*(d)* household income

**99.** In the current pricing policy, the price of diesel in India consists of

*(a)* Fuel component + Customs duty + Excise duty + Sales VAT + Dealer's commission

*(b)* Fuel component + Excise duty + Sales VAT + Dealer's commission

*(c)* Fuel component + Customs duty + Sales VAT + Dealer's commission

*(d)* Fuel component + Customs duty + Excise duty + Dealer's commission

**100.** Which one among the following is ***not*** a Mars rover?

*(a)* Sojourner

*(b)* Opportunity

*(c)* Curiosity

*(d)* Apollo

**94.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को अल्पावधि के लिए ऋण देता है।
2. प्रतिवर्ती (रिवर्स) रेपो दर वह ब्याज दर है जिसका भारतीय रिज़र्व बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को अल्पावधि जमाओं पर संदाय करता है।
3. रेपो दर और प्रतिवर्ती (रिवर्स) रेपो दर के बीच की दूरी भारत में विगत कुछ समय में घटती रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

*(a)* 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 3

*(d)* 2 और 3

**95.** भारत में मुद्रास्फीति की दर आमतौर पर निम्नलिखित में से किसके उतार-चढ़ाव के सन्दर्भ में मापी जाती है?

*(a)* उपभोक्ता कीमत सूचकांक

*(b)* थोक कीमत सूचकांक

*(c)* कृषि श्रमिकों के लिए निर्वाह सूचकांक

*(d)* मुद्रा पूर्ति

**96.** निजीकरण में समाहित है

*(a)* सार्वजनिक उद्यमों को निजी क्षेत्रक को बेचना

*(b)* सार्वजनिक उद्यम ईक्विटी का विनिवेश

*(c)* सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों में प्रबन्धन में निजी क्षेत्रक की सहभागिता

*(d)* उपर्युक्त सभी

**97.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारतीय रुपये की परिवर्तनीयता के सन्दर्भ में सही है?

*(a)* यह पूँजी लेखा पर परिवर्तनीय है

*(b)* यह चालू लेखा पर परिवर्तनीय है

*(c)* यह चालू और पूँजी लेखा दोनों पर परिवर्तनीय है

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**98.** भारत सरकार पूर्ण गरीबी रेखा को निम्नलिखित में से किस आधार पर निर्दिष्ट करती है?

*(a)* घरेलू बचत

*(b)* घरेलू उपभोग

*(c)* घरेलू निवेश

*(d)* घरेलू आय

**99.** चालू कीमत-निर्धारण नीति में, भारत में डीज़ल की कीमत में सम्मिलित है

*(a)* ईंधन अवयव + सीमा शुल्क + उत्पाद शुल्क + विक्रय VAT + डीलर का कमीशन

*(b)* ईंधन अवयव + उत्पाद शुल्क + विक्रय VAT + डीलर का कमीशन

*(c)* ईंधन अवयव + सीमा शुल्क + विक्रय VAT + डीलर का कमीशन

*(d)* ईंधन अवयव + सीमा शुल्क + उत्पाद शुल्क + डीलर का कमीशन

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक मंगल पर्यटक **नहीं** है?

*(a)* सोजर्नर

*(b)* ऑपर्च्यूनिटी

*(c)* क्युरिऑसिटी

*(d)* अपोलो

**101.** Consider the following statements :

1. The Fifth Summit of BRICS (2013) was held in Durban.
2. Dr. Manmohan Singh became the only head of States or head of Government to attend all BRICS Summits held so far.
3. The theme of Fifth Summit of BRICS was "BRICS and Africa : Partnership for Development, Integration and Industrialization".

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 3 only

**102.** The logo of which of the following famous organizations is a Giant Panda?

*(a)* World Wildlife Fund or World Wide Fund for Nature (WWF)

*(b)* International Union for Conservation of Nature and Natural Resources (IUCN)

*(c)* United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization (UNESCO)

*(d)* United Nations Environment Programme (UNEP)

**103.** Which of the following is the correct chronological order of TV display technologies?

*(a)* CRT, Plasma, LED

*(b)* CRT, LED, Plasma

*(c)* LED, CRT, Plasma

*(d)* Plasma, LED, CRT

**104.** Consider the following statements :

1. Employment growth in India in the second half of the first decade of 21st century was relatively modest.
2. There was lower labour force participation rate across all ages during the period.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**105.** Which one among the following sectors in India has the highest share of employment?

*(a)* Agriculture and allied activities

*(b)* Manufacturing

*(c)* Construction

*(d)* Tertiary sector

**106.** The Human Development Report, 2013 (UNDP) does ***not*** focus on

*(a)* sustaining development momentum

*(b)* peace and security

*(c)* confronting environmental pressure

*(d)* managing demographic change

**101.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. BRICS का पाँचवाँ शिखर सम्मेलन (2013) डरबन में हुआ था।
2. डॉ० मनमोहन सिंह अभी तक सम्पन्न सभी BRICS शिखर सम्मेलनों में उपस्थित होने वाले एकमात्र राज्याध्यक्ष या शासनाध्यक्ष हुए।
3. BRICS के पाँचवें शिखर सम्मेलन का केन्द्रीय विषय था—"BRICS और अफ्रीका : विकास, एकीकरण और उद्योगीकरण के लिए भागीदारी"।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 3

**102.** भीमकाय पाँडा, निम्नलिखित प्रसिद्ध संगठनों में से किसका शुभंकर है?

*(a)* विश्व वन्यजीव निधि अथवा प्रकृति हेतु विश्वव्यापी निधि (WWF)

*(b)* अन्तर्राष्ट्रीय प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण संघ (IUCN)

*(c)* संयुक्त राष्ट्र शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति संगठन (UNESCO)

*(d)* संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)

**103.** निम्नलिखित में से कौन-सा TV प्रदर्श प्रौद्योगिकियों का सही कालानुक्रम है?

*(a)* CRT, प्लाज़्मा, LED

*(b)* CRT, LED, प्लाज़्मा

*(c)* LED, CRT, प्लाज़्मा

*(d)* प्लाज़्मा, LED, CRT

**104.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में रोजगार वृद्धि 21वीं शताब्दी की प्रथम दशाब्दी के उत्तरार्द्ध में अपेक्षाकृत धीमी थी।
2. इस अवधि के दौरान सभी आयु में श्रम शक्ति सहभागिता दर अपेक्षाकृत न्यून थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**105.** भारत के निम्नलिखित क्षेत्रकों में से किस एक में रोजगार का उच्चतम भाग है?

*(a)* कृषि एवं सहबद्ध क्रियाकलाप

*(b)* विनिर्माण (मैनुफैक्चरिंग)

*(c)* निर्माण (कन्स्ट्रक्शन)

*(d)* तृतीयक क्षेत्रक

**106.** मानव विकास रिपोर्ट, 2013 (UNDP) निम्नलिखित में से किस पर केन्द्रित **नहीं** है?

*(a)* विकास संवेग को धारित करना

*(b)* शान्ति और सुरक्षा

*(c)* पर्यावरणीय दाब का सामना करना

*(d)* जनांकिकीय परिवर्तन को नियंत्रित करना

**107.** In order to provide pensions to workers of the unorganized sector, which one among the following schemes has been launched by the Government?

(a) Swabhiman

(b) Swavalamban

(c) Swadhar

(d) Aadhaar

**108.** Which one among the following is the latest nation to join the World Trade Organization (as on March 2013)?

(a) North Korea

(b) China

(c) Russia

(d) Tajikistan

**109.** The 27th Indira Gandhi Award for National Integration was conferred on

(a) Ela Bhatt

(b) Gulzar

(c) Mohan Dharia

(d) A. R. Rahman

**110.** Who among the following won the Men's Singles All-England Badminton Championship held in Birmingham, England in 2013?

(a) Lee Chong Wei

(b) Chen Long

(c) Chen Jin

(d) Lin Dan

**111.** The following are some important sources of tax revenue for the Union Government in India :

1. Corporation tax
2. Customs
3. Union excise duties
4. Service tax

Arrange the aforesaid sources of revenue in ascending order as per the Budget Estimates for 2013–14.

(a) 1–2–3–4

(b) 1–2–4–3

(c) 2–1–3–4

(d) 4–3–2–1

**112.** Which of the following statements about the scheme 'Roshni' launched by the Ministry of Rural Development in June 2013 is/are correct?

1. The scheme is supposed to provide training and employment to youth in the age group of 10 to 35 years.
2. 50% of the beneficiaries of the scheme will be women.
3. It is a cent percent Central Government funded scheme.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

**107.** असंगठित क्षेत्रक के श्रमिकों को पेंशन प्रदान करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी योजना सरकार द्वारा आरम्भ की गई?

(a) स्वाभिमान

(b) स्वावलम्बन

(c) स्वाधार

(d) आधार

**108.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक विश्व व्यापार संगठन में सम्मिलित होने वाला नवीनतम (मार्च 2013 की स्थिति) राष्ट्र है?

(a) उत्तर कोरिया

(b) चीन

(c) रूस

(d) ताजिकिस्तान

**109.** राष्ट्रीय एकात्मता के लिए 27वाँ इन्दिरा गाँधी पुरस्कार इनमें से किसे प्रदान किया गया था?

(a) इला भट्ट

(b) गुलज़ार

(c) मोहन धारिया

(d) ए० आर० रहमान

**110.** इनमें से किसने बर्मिंघम, इंग्लैंड में 2013 में आयोजित पुरुष एकल ऑल-इंग्लैण्ड बैडमिन्टन चैम्पियनशिप जीती?

(a) ली चॉन्ग वी

(b) चेन लॉन्ग

(c) चेन जिन

(d) लिन डान

**111.** भारत में संघ सरकार के लिए कर राजस्व के कुछ महत्त्वपूर्ण स्रोत निम्नलिखित हैं :

1. निगम-कर
2. सीमा शुल्क
3. संघ उत्पाद शुल्क
4. सेवा-कर

2013–14 के बजट प्राक्कलन के अनुसार, उक्त राजस्व स्रोतों को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

(a) 1–2–3–4

(b) 1–2–4–3

(c) 2–1–3–4

(d) 4–3–2–1

**112.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जून 2013 में प्रवर्तित 'रोशनी' योजना के बारे में सही है/हैं?

1. इस योजना से 10 से 35 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रदान करने की आशा की गई।
2. इस योजना की 50% लाभ प्राप्तकर्ता स्त्रियाँ होंगी।
3. यह शत-प्रतिशत रूप में केन्द्र सरकार से निधि-पोषित योजना है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

113. In February 2013, the International Court of Arbitration at The Hague ruled in favour of India's position on the diversion of Kishanganga water setting aside the objections raised by

(a) Pakistan

(b) China

(c) Nepal

(d) Bangladesh

114. Consider the following statements about NEOSSat launched by PSLV in February 2013 :

1. It is the only space telescope dedicated to searching for asteroids that might have a threat to the earth.

2. It was designed and developed by ISRO.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

115. The Government of India on 12th June, 2013 enhanced the limit of foreign investments in government securities by 5 billion US dollar. In this regard, which of the following statements is ***not*** correct?

(a) It was done in order to increase inflow of overseas capital

(b) It will strengthen the value of rupee

(c) The foreign institutional investors registered to SEBI are only eligible for investment in the enhanced limit of 5 billion US dollar

(d) The investment can be made in all categories of investments across the board

116. The Central Board of Direct Taxes (CBDT) in June 2013 has specified a value for the cost inflation index of 2013–14. In this regard, which of the statements given below is/are correct?

1. There has been a rise in the cost inflation index over the year 2012–13.

2. The cost inflation index helps in reducing the inflationary gains, thereby reducing the long-term capital gains tax payout for a taxpayer.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**113.** फरवरी 2013 में दि हेग स्थित अन्तर्राष्ट्रीय विवाचन न्यायालय ने किशनगंगा जल के विपथन के विषय में निम्नलिखित में से किसके द्वारा उठाई गई आपत्तियों को अपास्त करते हुए भारत के पक्ष में निर्णय दिया?

*(a)* पाकिस्तान

*(b)* चीन

*(c)* नेपाल

*(d)* बांग्लादेश

**114.** फरवरी 2013 में PSLV से प्रमोचित NEOSSat के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह एकमात्र ऐसी आकाशीय दूरबीन है, जो कि पृथ्वी को खतरा पहुँचाने की सम्भावना रखने वाले क्षुद्र ग्रहों की तलाश के लिए समर्पित है।
2. यह ISRO द्वारा अभिकल्पित एवं विकसित की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**115.** भारत सरकार ने 12 जून, 2013 को सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी निवेशों की सीमा को 5 बिलियन US डॉलर बढ़ा दिया। इस बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* यह विदेशगत पूँजी के अन्तर्वाह को बढ़ाने के लिए किया गया था

*(b)* यह रुपये के मूल्य को मजबूत करेगा

*(c)* SEBI से पंजीकृत विदेशी संस्थागत निवेशक ही 5 बिलियन US डॉलर की वर्द्धित सीमा में निवेश के योग्य हैं

*(d)* निवेश सामान्य रूप से निवेशों की सभी श्रेणियों में किया जा सकता है

**116.** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने जून 2013 में वर्ष 2013–14 के लागत स्फीति सूचकांक के लिए एक मान विनिर्दिष्ट किया है। इस बारे में नीचे दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. वर्ष 2012–13 में लागत स्फीति सूचकांक में वृद्धि हुई है।
2. लागत स्फीति सूचकांक, स्फीतिकारी लब्धि को कम करने में मदद करता है और तद्द्वारा कर प्रदाता के लिए दीर्घावधि पूँजीगत अभिलाभ कर संदाय को कम करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**117.** United Nations General Assembly declared the year 2013 as

(a) International Year of Water Cooperation

(b) International Year of Space Cooperation

(c) International Year of Air Cooperation

(d) International Year of Science and Technology Cooperation

**118.** Which of the following recommendations of J. S. Verma Committee on crime against women was/were accepted by the Government by way of an ordinance?

1. Armed force personnel, who commit crime against women, could be tried under ordinary criminal law
2. There would be restriction of politicians facing sexual offence charges from contesting elections
3. Criminalization of marital rape
4. Question regarding moral character will not be put to the victim during cross-examination

Select the correct answer using the code given below.

(a) 2, 3 and 4

(b) 2 and 4 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 4 only

***Direction :***

The following **seven (7)** items consist of two statements, Statement I and Statement II. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the code given below.

*Code* :

(a) Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I

(b) Both the statements are individually true but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I

(c) Statement I is true but Statement II is false

(d) Statement I is false but Statement II is true

**119.** Statement I :

When a piece of brick lying on grass for a number of days is removed, the covered part of the grass appears pale.

Statement II :

Synthesis of chlorophyll, which gives green pigment, occurs in presence of sunlight.

**117.** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2013 को निम्नलिखित में से किस वर्ष के रूप में घोषित किया है?

*(a)* अन्तर्राष्ट्रीय जल सहयोग वर्ष

*(b)* अन्तर्राष्ट्रीय अन्तरिक्ष सहयोग वर्ष

*(c)* अन्तर्राष्ट्रीय वायु सहयोग वर्ष

*(d)* अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग वर्ष

**118.** महिलाओं के विरुद्ध अपराध विषय पर जे० एस० वर्मा समिति की निम्नलिखित में से कौन-सी अनुशंसा/अनुशंसाएँ सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर स्वीकृत की गई है/हैं?

1. सशस्त्र बल कार्मिक पर, जो महिलाओं के विरुद्ध अपराध करता है, सामान्य दंड विधि के अधीन विचारण किया जा सकेगा
2. जिन राजनेताओं पर लैंगिक अपराध के आरोप हैं, उनके निर्वाचन लड़ने पर निर्बन्धन होगा
3. वैवाहिक बलात्कार का अपराधीकरण
4. प्रतिपरीक्षा के दौरान पीड़ित से नैतिक चरित्र सम्बन्धी प्रश्न नहीं पूछे जायेंगे

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 2, 3 और 4

*(b)* केवल 2 और 4

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 4

**निर्देश :**

निम्नलिखित **सात (7)** प्रश्नांशों में दो कथन, कथन I और कथन II हैं। आपको इन दो कथनों की सावधानी से परीक्षा करनी है और इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर चुनने हैं।

**कूट :**

*(a)* दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I की सही व्याख्या है

*(b)* दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं किन्तु कथन II, कथन I की सही व्याख्या **नहीं** है

*(c)* कथन I सत्य है किन्तु कथन II असत्य है

*(d)* कथन I असत्य है किन्तु कथन II सत्य है

**119.** कथन I :

कई दिनों तक घास पर पड़ा हुआ ईंट का टुकड़ा हटाने पर आच्छादित भाग की घास पीली प्रतीत होती है।

कथन II :

हरित वर्णक प्रदान करने वाले पर्णहरित का संश्लेषण, सूर्य-प्रकाश की विद्यमानता में होता है।

**120.** Statement I :

The mirror used in searchlight is parabolic.

Statement II :

All the rays coming from the source at the focus of a parabolic mirror are reflected as an intense parallel beam.

**121.** Statement I :

Ozone is produced naturally by the action of ultraviolet radiation on oxygen molecule ($O_2$) in the upper atmosphere.

Statement II :

Ozone depletion has been caused by the release of chlorofluoro-carbons (CFCs) into the atmosphere.

**122.** Statement I :

Virgin soils of newly cleared forests give higher yield of coffee.

Statement II :

Coffee is a soil nutrient exhaustive crop.

**123.** Statement I :

Ashoka called the Third Buddhist Council in 252 BC at Pataliputra and it was there that the Buddhist Church became divided into two sects—the Hinayana and the Mahayana.

Statement II :

Kanishka called the Fourth Buddhist Council at Kundalvana near Srinagar and Vasumitra was believed to have acted as President.

**124.** Statement I :

The Jajmani system was one in which the village artisans supplied traditionally fixed quantities of their products to peasant families in return for shares in the harvest.

Statement II :

The Jajmani system was a system of the *Jotedars* (rich farmers) and the *Bargadars* (sharecroppers).

**125.** Statement I :

For the three years after 2007–08 Annual Budget in India, there was practically no increase in tax/GDP ratio.

Statement II :

At the same time, government expenditure jumped noticeably.

**120.** कथन I :

सर्चलाइट में प्रयुक्त होने वाला दर्पण परवलयिक होता है।

कथन II :

परवलयिक दर्पण के फोकस पर स्रोत से आने वाली सभी किरणें तीव्र समान्तर किरणपुंज के रूप में परावर्तित होती हैं।

**121.** कथन I :

ओजोन का निर्माण प्राकृतिक रूप से ऊपरी वायुमण्डल में ऑक्सीजन अणु ($O_2$) पर पराबैंगनी किरणों की क्रिया से होता है।

कथन II :

ओज़ोन का ह्रास वायुमण्डल में क्लोरोफ्लुओरो-कार्बनों (CFCs) के निर्मुक्त होने के कारण हुआ है।

**122.** कथन I :

नये-नये साफ किए गए वनों की अक्षत मृदायें कॉफी की उच्चतर उपज देती हैं।

कथन II :

कॉफी एक मृदा-पोषक रेचक फसल है।

**123.** कथन I :

अशोक ने 252 BC में तीसरी बौद्ध संगीति पाटलिपुत्र में आहूत की और वहीं पर बौद्धमत दो सम्प्रदायों, हीनयान और महायान, में विभक्त हुआ।

कथन II :

कनिष्क ने चौथी बौद्ध संगीति श्रीनगर के पास कुण्डलवन में आहूत की और ऐसा विश्वास है कि वसुमित्र ने इसकी अध्यक्षता की थी।

**124.** कथन I :

जजमानी प्रथा वह थी जिसमें ग्राम के कारीगर कृषक परिवारों को, फसल के हिस्से के बदले, अपने उत्पादों की पारम्परिक रूप से नियत मात्राओं की पूर्ति करते थे।

कथन II :

जजमानी प्रथा *जोतदारों* (समृद्ध किसानों) और *बर्गादारों* (बँटाईदारों) की एक प्रथा थी।

**125.** कथन I :

भारत में 2007–08 के वार्षिक बजट के बाद के तीन वर्षों के लिए व्यावहारिक रूप से कर/GDP अनुपात में कोई वृद्धि नहीं हुई।

कथन II :

उसी समय सरकारी व्यय सुस्पष्ट रूप से बहुत बढ़ गया।

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**SPACE FOR ROUGH WORK**

## SPACE FOR ROUGH WORK

★ ★ ★

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : B–BZOE–M–FZH** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या**

249685

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता एवं बुद्धिमत्ता

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 250**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. कृपया ध्यान रखें कि **OMR** उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न लिखें।**
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **125** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note*** : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.